1-1-1977 to 31-3-1978. Of these 2 cases were approved, 2 rejected and 1 otherwise dispose of. 3 applications are pending for consideration. Rejections were on grounds of adequate capacity already licensed. Details of approved schemes are published in the "Weekly Bulletin industrial licences, import licences and export licences" and "Monthly list of letters of intent and industrial licences". Copies of these publications are available in the Parliament Library.

दिल्ली प्रशासन मे अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कर्मचारी

8288. श्री मही लाल : क्या गृह मंत्री दिल्ली प्रशासन में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कर्मचारियों के बारे में 7 दिसबर, 1977 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2900 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अपेक्षित जानकारी इस बीच एकत्र कर ली गई है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं और अपेक्षित जानकारी कब तक एकत्र कर ली जायेगी तथा उस पर क्या कार्यवाही की जायेगी ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धनिक लाल मण्डल) : (क) से (ग). अपेक्षित सूचना दिल्ली प्रशासन से प्राप्त कर ली गई है और उसकी जांच पड़ताल की जा रही है। तारीख 7 दिसम्बर, 1977 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2900 के उत्तर में दिए गए आश्वासन की पूर्ति में यह सूचना शीघ्र ही सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी की मुख्य सूचना अधिकारी के रूप में नियुक्ति

8289. श्री राम सेवक हजारी :
श्री एम० रामगोपाल रेड्डी :
श्री जनार्दन पुजारी :
श्री ज्योतिर्मय बसु :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सूचना सेवा के अधिकारियों ने भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी की मुख्य सूचना अधिकारी के पद पर नियुक्ति के विरुद्ध अपनी नाराजगी व्यक्त की है ;

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ग) उनके हितों की रक्षा करने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) सेंट्रल इनफार्मेशन सर्विस एसोसिएशन ने इस बारे में सरकार को एक अभ्यावेदन दिया है ।

(ख) अभ्यावेदन सरकार के विचाराधीन है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

जम्मू और कश्मीर में गिरफ्तार किये गये पाकिस्तानी जासूस

8290. श्री राम सेवक हजारी : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :